**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 29.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **सरकारी उपायों से बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ी, मिलों से सीधे प्राप्त चीनी की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट।**

2. **झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा में अनियमितता मामले में सीआईडी ने चार सफल अभ्यर्थियों को किया गिरफ्तार, पूरे नेटवर्क की हो रही जांच।**

3. **यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के 84 विषयों के परिणाम घोषित, नौ और दस सितंबर को दोबारा होगी अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषय की परीक्षा।**

4. **देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथधाम में चल रहे राजकीय श्रावणी मेले का हुआ समापन, बाबा मंदिर से हटा अरघा सिस्टम, स्पर्श पूजा शुरू।**

**और**

5. **हॉकी इंडिया ने एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल करने पर भारतीय महिला टीम को 50 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की, झारखंड में खु"ी की लहर।**

**और अब समाचार विस्तार से।**

**********************

सरकार ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और उचित कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने बताया कि हाल के दिनों में चीनी की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि खुदरा चीनी की कीमतें भी कम होने लगी हैं। एक रिपोर्ट...

**********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी की ओर से आयोजित सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में सफल चार अभ्यर्थियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभ्यर्थियों में धनबाद निवासी दीपक कुमार, बिहार भोजपुर निवासी उमेश कुमार राय, धनबाद निवासी विजय कुमार तिवारी और बिहार के सारण निवासी आनंद कुमार सिंह शामिल हैं। इस मामले में जांच एजेंसी परीक्षा में गड़बड़ी के पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

**********************

जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक और नियुक्तियों में अनियमितताओं के विरोध में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की ओर से आयोजित भर्ती सुधार यात्रा दुमका के एसपी कॉलेज परिसर से निकाली गई। इस दौरान छात्र नेता ने कहा कि परीक्षाओं में गड़बड़ी के कारण राज्य के मूल आदिवासी और मूलवासी युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

**********************

परीक्षा सुधारों के लिए गठित उच्च–स्तरीय कार्य बल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सहित सभी हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। सुझाव 13 सितम्बर तक वेबसाइट, व्हाट्सएप या फोन नंबर 1800–180–4747 के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव ईमेल examreformstaskforce@dopt.gov.in के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता३..

**********************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के 84 विषयों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इस वर्ष जून में हुई अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा, नए सिरे से आयोजित करने की घोषणा की है। विशेषज्ञ समिति की प्रश्न पत्रों में तथ्यात्मक, टाइपिंग, अनुवाद और भाषा

संबंधी त्रुटियां पाई जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। 16 अगस्त को समाजशास्त्र, वाणिज्य और अंग्रेजी विषयों की उत्तर कुंजी जारी करने के बाद तीनों परीक्षाएं इस वर्ष सितंबर में फिर से आयोजित करने की घोषणा की गई थी। पुनर्परीक्षाएं 9 और 10 सितंबर को होंगी। इसके लिए परीक्षार्थियों को अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

*********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर को लेकर सभी जिले के निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि होम टू रोल सत्यापन के दौरान बीएलओ घर–घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहे।

*********************

सिमडेगा पुलिस ने तीन अलग–अलग मामलों में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि गोवंश पशुओं के अवैध कारोबार और गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तारी हुई है।

*********************

देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथधाम में एक माह तक चले राजकीय श्रावणी मेले का समापन हो गया। इसके साथ ही बाबा बैद्यनाथ मंदिर में अर्घा हटाकर स्पर्श पूजा की शुरुआत की गई। राजकीय श्रावणी मेला के अंतिम दिन कल उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर समेत कई अधिकारियों ने बाबा मंदिर में पूजा–अर्चना की।

*********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज सुबह से रूक रूक कर बारिश हो रही है। मौसम केंद्र, रांची ने 31 अगस्त तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा को लेकर चेतावनी जारी की है। आज दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में कहीं–कहीं भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

हॉकी इंडिया ने बेल्जियम और नीदरलैंड में हुए एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल करने पर भारतीय महिला हॉकी टीम को 50 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। झारखंड की सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम ने कल एमस्टेलवीन में 5वें–6वें स्थान के लिए हुए मैच में दुनिया की 5वीं वरीयता वाली टीम जर्मनी को 3–1 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय टीम की इस सफलता पर कप्तान सलीमा टेटे के सिमडेगा जिला स्थित गांव समेत पूरे झारखंड में खुशी की लहर है।

*********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नेपाल में बाढ़ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– नेपाल त्रासदी के बीच 21 भारतीय लौटे, 85 बचाए गए और 320 अब भी लापता।

**प्रभात खबर ने** नेपाल के हाइड्रो–पावर प्लांट से पलामू मजदूर के लापता होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**दैनिक जागरण** ने राजस्व दस्तावेजों के गायब होने के मामले में नामकुम की तत्कालीन सीओ श्वेता वर्मा सहित तीन लोगों पर प्राथमिकी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

वहीं **हिन्दुस्तान** ने रांची में इस महीने स्वाइन फ्लू के आठ मरीजों की पुष्टि की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त*************